## आज का विचार

**लोगों के स्वास्थ्य** की सुरक्षा करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। यदि प्रदूषण जीवन को संकट में डाल रहा है तो उस पर नियंत्रण करना होगा।

**(शिवकुमार त्रिवेदी चिंतन सरिता)**

दैनिक लोकजीवन

## लोगों को मरने के लिए नहीं छोड़ सकते...

**विकास संग विनाश** का रिश्ता जुड़ा हुआ है। समृद्धि के साथ संकट भी जुड़ा हुआ है चाहे परम्परागत मामले हो या अनधुनिक युग की औद्योगिक दौड़। सड़कों पर चलते दुपहिया वाहन हो या भारी वाहन। कहीं न कहीं इनका दुष्प्रभाव प्रदूषण के रूप में जन जीवन पर प्रतिकूल असर डाल रहा है उद्योगों से निकले वाला धुंआ और खदानों से उड़ने वाली मिट्टी हवा को प्रदूषित करती है। कल कारखानों और वाहनों की रेलमपेल से शुद्ध हवा ही हवा हो गई है। कारोनों काल में जब लॉक डाडन लगा था आवाजाही और व्यापार व्यवसाय बंद रहे तब न केवल हवा शुद्ध पाई गई। दूर-दूर तक देखने पर भी खुला आकाश स्वच्छ और प्रदूषण रहित नजर आता था। जिसकी सराहना भले ही की गई लेकिन यह नहीं हो सकता कि लोग अपना व्यापार व्यवसाय बंद कर दें या कल कारखानों को अनुमति नहीं दी जाय। शुद्ध हवा की जरूरत को नही नकार सकते लेकिन व्यापार उद्योग, कल कारखानों सभी सक्रिय रहेंगे तभी लोगों का जीवन चक्र भी चलता रहेगा। रोजी-रोटी चलती रहेगी। कानूनी रोक एवं शिकायतों के बावजूद यदि प्रदूषण नहीं रूक रहा है तो कहीं न कहीं समाज की जरूरत भी तो बनी हुई है।

निसंदेह वायु प्रदूषण लोगों के जीवन को संकट में डाल रहा है निचली अदालत से लगाकर सर्वोच्च न्यायालय आदेशित कर रहे है कि सरकार प्रदूषण रोकने के लिए ठोस कदम उठाये। दिल्ली एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के करीब राज्यों को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि दिल्ली के लोगों को मरने के लिए नहीं छोड़ सकते। पंजाब, हरियाणा, यूपी, राजस्थान सुनिश्चित करें कि 'पराली जलाना' तुरन्त बंद हो। जस्टिस कौल ने कहा कि यह लोगों के स्वास्थ्य की पूरी तरह से हत्या है। बैंच ने कहा कि हम यह रोकना चाहते है केसे करना है आप जाने। यदि पराली जली तो सम्बंधित एसएचओ की जिम्मेदारी होगी। साथ ही सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि हमारा सब्र खत्म हो रहा है अगर हमने एक्शन लिया तो हमारा बुलडोजर रूकेगा नहीं। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि पटाखों पर लगा बेन दिल्ली ही नहीं बल्कि देश के सभी राज्यों पर लागू होता है । आज आवश्यकता इस बात की है कि अदालती आदेश को गंभीरता से लेते हुए राज्य सरकारें रोकथाम के समुचित प्रबंध करें, ताकि लोगों के स्वास्थ्य की सुरक्षा की जा सके।

## कड़वी घूंट -सूरज

### वहां वो तो यहां हम ...

जैसी करनी वैसी भरनी केवल सामान्य लोगों के लिए ही नहीं बल्कि यह हर वर्ग से जुड़ी सच्चाई है कि जैसा करोगे वैसा भरोगे। प्रेम बाँटों तो प्रेम मिलेगा। जहर बांटोगे तो जहर मिलेगा। आज आप किसी को अपमानित और प्रताड़ित कर रहे है तो भविष्य में आपके साथ ही वैसा ही होगा। अन्तर इतना भर रहने वाला है कि आज किसका और कल किसका।

विपरित इसके राजनीति में कोई किसी का सगा नहीं होता। जब किसी के सहयोग की जरूरत होती है तब के आचरण और काम निकलने के आचरण में अन्तर आ जाता है हम मजबूत है तो सहयोग नहीं करेंगे। कल को जहां कमजोर होंगे वहां भी जो मजबूत है वह आपको मदद नहीं करेगा। हर किसी को पता है कि कोई अपना अहित करके क्यों साथ आएगा।

इस क्रम में सपा प्रमुख अखिलेश यादव की कांग्रेस से नाराजगी जाहिर हो चुकी है जो विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को साथ लेकिन एमपी में कांग्रेस ने सपा को एक भी सीट नहीं दी तो सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी ऐलान कर दिया है कि वहां उन्होंने हमसे समझौता नहीं किया। ऐसे में हम भी उ.प्र. में कांग्रेस से गठबंधन नहीं करेंगे। अब यह आप जानो कि गठबंधन की बुनियाद ही भाजपा से विरोध लेकिन विधानसभा में साथा नहीं रह सकते तो लोकसभा में क्यों छोटे दल आपको साथ रखेंगे।

# टिकट बंटवारे में गहलोत-वसुंधरा का दिखा दम



**लोकजीवन न्यूज नेटवर्क, जयपुर**

राजस्थान में टिकटों की उलझनें आखिरकार खत्म हो गया है। कांग्रेस में अशोक गहलोत और भाजपा में वसुंधरा राजे पर सबकी नजर है। सबकी नजर इस बात पर है कि आलाकमान की ओर से किसके करीबी को ज्यादा टिकट दिया गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि राजस्थान में वसुंधरा राजे ने एक शानदार वापसी की है। सितंबर के अंत में जो वसुंधरा राजे हाशिए पर दिखाई दे रही थीं, उनकी स्थिति में नवंबर की शुरुआत में, भारी बदलाव आया और राजे की मजबूत वापसी अब राजस्थान में चुनावी लड़ाई के सबसे चर्चित पहलुओं में से एक है।

**वसुंधरा राजे का कितना रहा दम**

ऐसा प्रतीत होता है कि राजस्थान में वसुंधरा राजे ने एक शानदार वापसी की है। सितंबर के अंत में जो वसुंधरा राजे हाशिए पर दिखाई दे रही थीं, उनकी स्थिति में नवंबर की शुरुआत में, भारी बदलाव आया और राजे की मजबूत वापसी अब राजस्थान में चुनावी लड़ाई के सबसे चर्चित पहलुओं में से एक है। करिश्मा, जन अपील और जमीनी स्तर पर जुड़ाव के मामले में भाजपा के सबसे बड़े नेता होने के बावजूद, राजे को 2018 का चुनाव हारने के बाद से ही भगवा ब्रिगेड द्वारा किनारे कर दिया गया था। लगातार नजरअंदाज की गईं राजे राजनीतिक तौर पर गुमनामी के कगार पर नजर आ गई थीं। जब भाजपा उम्मीदवारों की पहली सूची सामने आई और उसमें उनके पसंदीदा उम्मीदवारों में से किसी को भी शामिल नहीं किया गया, तो इसने एक बड़ी चर्चा शुरू कर दी कि राजे को निर्णायक रूप से दरकिनार किया जा रहा है। सात सांसदों को मैदान में उतारने और कई राजे वफादारों को टिकट देने से इनकार कर दिया गया, इससे यह धारणा बन गई कि राजे को अंततः पार्टी द्वारा किनारे कर दिया गया है।

लेकिन भाजपा की दूसरी सूची में उनके लगभग 30 वफादारों को जगह दी गई और वसुंधरा को उनकी पारंपरिक सीट झालरापाटन आवंटित की गई। बाद की सूचियों में भी, बड़ी संख्या में उनके वफादारों को टिकट मिला, जिसके बारे में कहा जाता है कि राजस्थान में भाजपा के 200 उम्मीदवारों में से पांच दर्जन से अधिक राजे खेमे से हैं। हालांकि, पूर्व मंत्री युनूस खान, अशोक परनामी, राजपाल सिंह शेखावत और अशोक लाहोटी को बीजेपी ने टिकट इस बार नहीं दिया है। ये सभी वसुंधरा राजे के राइट हैंड माने जाते रहे हैं। यह वसुंधरा राजे के लिए सियासी तौर पर यह बड़ा झटका है। पार्टी ने वसुंधरा राजे को उनकी परंपरागत सीट से प्रत्याशी बनाया है, लेकिन मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित नहीं किया है। इसको लेकर भी चर्चा जारी है।

### अशोक गहलोत की बात

बात अगर अशोक गहलोत की करें तो वह भी अपने करीबियों को टिकट दिलवाने में उतरे कामयाब नहीं हुए। भले ही मंत्री शांति धारीवाल को तमाम विरोधियों के बावजूद टिकट मिल गया है लेकिन अशोक गहलोत के करीबी महेश जोशी और राजेंद्र राठौड़ जैसे मजबूत नेताओं को उम्मीदवार पार्टी ने नहीं बनाया है। यह दोनों वही नेता है जिन्होंने गहलोत की कुर्सी बचाने के लिए कांग्रेस हाई कमान के आदेशों को चुनौती दी थी। इसके अलावा गहलोत के विशेषाधिकारी लोकेश शर्मा को भी टिकट नहीं दिया गया है जबकि लालचंद कटारिया के चुनाव लड़ने से इनकार के बाद पायलट के करीबी अभिषेक चौधरी चुनावी मैदान में है। अशोक तंवर को भी गहलोत ने टिकट देने की बात कही थी लेकिन पार्टी ने उनकी इस बात को नहीं माना है। साथ ही साथ गहलोत के करीबी राजीव अरोड़ा भी टिकट के दावेदार थे इसको भी पार्टी ने स्वीकार नहीं किया है। सूर्यकांता व्यास बीजेपी से कांग्रेस में आए और गहलोत ने उन्हें टिकट देने की बात कही थी लेकिन ऐसा नहीं हो सका। कांग्रेस ने कहीं ना कहीं पायलट और उनके करीबी नेताओं को भी महत्व दिया है। जब वेद प्रकाश सोलंकी को टिकट दिया गया तो उससे साफ हो गया कि पायलट को भी अहमियत कांग्रेस की ओर से दी जा रही है। राजनीतिक दलों को चुनावी मौसम में सभी को साथ लेकर चलने की आवश्यकता होती है। खासकर के पार्टियां यह भी देखतीं हैं कि उनके गुड बुक में कौन से नेता है और कौन जरूरत के समय उनके साथ खड़ा रह सकता है। यही कारण है कि पार्टी से ज्यादा किसी एक नेता को प्रधानता देने वाले उम्मीदवारों को कई बार बेटिकट रहना पड़ जाता है। यही तो प्रजातंत्र है।




## त्याग-तपस्या और ध्यान से जीवन को बनाया जा सकता है उन्नत - मुनि हर्षलाल

**भीलवाड़ा।** शिल्पशाला तेरापंथ महिला मंडल एवं अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशन में मुनि हर्षलाल,मुनि पारस कुमार,मुनि यशवंत कुमार के सानिध्य में तेरापंथ महिला मंडल द्वारा 'कैसे लाये जीवन में आत्म शक्ति बल' विषय पर तेरापंथ भवन नागौरी गार्डन में कार्यशाला आयोजित हुई। मुनि हर्षलाल कहा कि आत्मा में अनंत शक्ति निहित है, त्याग तपस्या और ध्यान द्वारा उस शक्ति को जाग्रत करके जीवन उन्नत बनाया जा सकता है। मुनि पारस कुमार ने कहा मन की शक्ति को नापा नहीं जा सकता है।भीतर छुपी शक्ति को पहचानकर अपनी आत्मा का कल्याण करे। मुनि यशवंत कुमार ने कहा शक्ति महत्वपूर्ण नहीं है उसका सही दिशा में सकारात्मक उपयोग हो,प्रशस्त चिंतन हो तो वह विकास का हेतु बनती है।अपनी शक्ति अनुसार लक्ष्य तय करते हुए इच्छित मंजिल को पाया जा सकता है। इस दौरान महामंत्री नीतू ओस्तवाल, अध्यक्षा मैना कांठेड ने विचार व्यक्त किये। महिला मंडल प्रचार प्रसार मन्त्री नीलम लोढ़ा ने बताया कि मंगलाचरण पुष्पा पामेचा एवं मंडल बहिनों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मनाली चोरडिया, उषा सिसोदिया,अमिता बाबेल,यशवंत सुतरिया, स्नेहलता झाबक उपस्थिति रही। संचालन मंजुलता नाहर एवं आभार कनकलता गोखरू ने किया।

## राजस्थान स्टेट ऑपन परीक्षा समय सारणी जारी

**भीलवाड़ा।** राजस्थान स्टेट ऑपन स्कूल, जयपुर ने माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक परीक्षाओं की समय सारणी (टाईम-टेबल) जारी कर दी हैं। प्रधानाचार्य डॉ0 श्यामलाल खटीक ने बताया कि परीक्षा 4 दिसम्बर 2023 से 12 जनवरी 2024 तक आयोजित होगी।


**RANJAN POLYSTERS LIMITED**

Regd. Office: 11-12th K.M Stone, Chittorgarh Road, Guwardi, Bhilwara- 311001 (Rajasthan).
Email: ranjanpoly@gmail.com, Website: www.ranjanpolysters.com
CIN: L24302RJ1990PLC005560, Tel No.- 01482-297132

**EXTRACT OF UNAUDITED STANDALONE FINANCIAL RESULT FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED 30TH SEPTEMBER, 2023**

*(Rs. in Lacs, except as stated)*

| Sr. No. | Particulars | Unaudited | | | | Audited |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | Half Year Ended | | Year Ended |
| | | 30.09.2023 | 30.09.2022 | 30.09.2023 | 30.09.2022 | 31.03.2023 |
| 1. | Total Income from Operations (Net) | 2272.20 | 2040.58 | 4700.02 | 4070.22 | 8433.65 |
| 2. | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 171.77 | 74.71 | 355.15 | 145.01 | 398.93 |
| 3. | Net Profit / (Loss) for the period before Tax(after Exceptional and/or Extraordinary items) | 171.77 | 74.71 | 355.15 | 145.01 | 398.93 |
| 4. | Net Profit / (Loss) for the period after Tax(after Exceptional and/or Extraordinary items) | 135.82 | 51.41 | 260.57 | 95.03 | 284.19 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 134.99 | 51.08 | 258.92 | 94.37 | 280.90 |
| 6. | Equity Share Capital (Face Value Rs. 10/- each) | 300.09 | 300.09 | 300.09 | 300.09 | 300.09 |
| 7. | Reserve excluding Revaluation Reserve as per balance sheet of previous accounting year. | | | | | 1051.97 |
| 8. | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations)- 1.Basic 2. Diluted | 4.52 | 1.72 | 8.68 | 3.17 | 9.47 |

Note:-
1 The above unaudited standalone financial results have been reviewed and recommended by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their respective meeting held on November 8, 2023.
2 The results for the Quarter and half year ended 30.09.2023 have been restated to Comply with Ind AS to make them comparable with the Current Period. Further previous period figures have been regrouped/reclassified, wherever necessary, to confirm with the current period presentation.
3 The above is an extract of the detailed format of Quarterly and half Year ended 30th September, 2023 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly/ Half Yearly ended Financial Results is available on the Stock Exchange website, www.msei.inand on the company's website, www.ranjanpolysters.com.

By the order of the Board
S/d
MOHIT KUMAR BHIMSARIA
Director
DIN No. 00389098

Date: November 8, 2023
Place: Bhilwara



**NUTECH GLOBAL LIMITED**

CIN NO.- L17114RJ1984PLC003023
REGD. OFFICE- E-149, RIICO INDUSTRIAL AREA, BHILWARA-311001,(RAJASTHAN )
TEL NO.- +91 1482 260508
E-MAIL ID: info@nutechglobal.com
WEBSITE: www. nutechglobal.com

**EXTRACT OF UNAUDITED STANDALONE FINANCIAL RESULT FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED 30TH SEPTEMBER, 2023**

*(Rs. in Lacs, except as stated)*

Note:-

| SL. No. | Particulars | Unaudited | | | | Audited |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | Half Year Ended | | Year Ended |
| | | 30.09.2023 | 30.09.2022 | 30.09.2023 | 30.09.2022 | 31.03.2023 |
| 1. | Total Income from Operations (Net) | 991.27 | 935.92 | 2035.57 | 1784.49 | 3489.33 |
| 2. | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | -13.78 | 7.37 | -11.87 | 8.96 | 14.90 |
| 3. | Net Profit / (Loss) for the period before Tax(after Exceptional and/or Extraordinary items) | -13.78 | 7.37 | -11.87 | 8.96 | 14.90 |
| 4. | Net Profit / (Loss) for the period after Tax(after Exceptional and/or Extraordinary items) | -13.78 | 7.37 | -11.87 | 8.96 | 10.81 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | -13.78 | 7.37 | -11.87 | 8.96 | 10.81 |
| 6. | Equity Share Capital (Face Value Rs. 10/- each) | 320.37 | 320.37 | 320.37 | 320.37 | 320.37 |
| 7. | Reserve excluding Revaluation Reserve as per balance sheet of previous accounting year. | - | - | - | - | 297.34 |
| 8. | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations)- 1.Basic 2. Diluted | -0.43 | 0.23 | -0.37 | 0.28 | 0.34 |

1 The above unaudited standalone financial results have been reviewed and recommended by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their respective meeting held on 08th November,2023 at Bhilwara.
2 The results for the Quarter and half year ended 30.09.2023 have been restated to Comply with Ind AS to make them comparable with the Current Period. Further previous period figures have been regrouped/reclassified, wherever necessary, to confirm with the current period presentation.
3 The above is an extract of the detailedFinancial Results for the Quarter and half Year ended 30th September, 2023filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the QuarterlyFinancial Results are available on the Stock Exchange website, www.bseindia.com and on the company's website, www.nutechglobal.com.

By the order of the Board
For Nutech Global Limited

Date:08th November,2023
Place: Bhilwara

(Rajeev Mukhija)
Managing Director
DIN:00507367